राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 20 जुलाई। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने की नीति के अनुसरण में कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी को बिना किसी आधार एवं तथ्यहीन आरोपों के तहत् ईडी द्वारा नोटिस प्रदान किया गया है जिसके विरोध में कल दिनांक 21 जुलाई, 2022 को प्रातः 10 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित ईडी कार्यालय के बाहर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विशाल धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों को भुलाकर संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने हेतु किया जा रहा है। पूर्व में कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को ईडी द्वारा एक ऐसे प्रकरण में नोटिस दिया गया जो कि न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है तथा 55 से 60 घण्टे तक पूछताछ कर परेशान किया गया। केन्द्र सरकार की नीतियों से असहमति जताने वाले विपक्षी नेताओं तथा जनता की आवाज उठाने वाले नेताओं के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विरोध के स्वर दबाने हेतु किया जा रहा है जो कि लोकतांत्रिक सिद्धांतों के विपरीत है तथा केन्द्र सरकार का रवैया प्रजातांत्रिक होने की बजाए तानाशाहीपूर्ण हो गया है जिसके विरोध में कल दिनांक 21 जुलाई, 2022 को प्रातः 10 बजे जयपुर स्थित ईडी कार्यालय के बाहर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में विशाल धरना आयोजित कर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter